मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-617
12/12/2023

# मुख्यमंत्री ने बिहटा में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की इकाइयों तथा ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड का किया उद्घाटन

पटना, 12 दिसम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला के बिहटा के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र में 'प्लग एंड प्ले शेड' तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की इकाइयों का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन पश्चात् के मुख्यमंत्री ने वहां स्थापित इकाइयों का निरीक्षण किया और कार्य पद्धति की जानकारी ली। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौन्ड्रिक ने मुख्यमंत्री को साइट प्लान के जरिए सिंकदरपुर औद्योगिक क्षेत्र परिसर में स्थापित होनेवाली इकाइयों और उनकी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/जनजाति/ अत्यंत पिछड़ा वर्ग/ महिला/ युवा उद्यमी योजना के तहत मुख्यमंत्री ने लाभुकों को द्वितीय किस्त का चेक वितरण किया। इसके तहत मुख्यमंत्री ने भोजपुर इंटरप्राइजेज, आस्था टेक्सटाइल्स, प्रियंका इंटरप्राइजेज एवं आनंद इंटरप्राइजेज को 3–3 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इस अवसर पर एक महिला उद्यमी ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंट किया और उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने महिलाओं के विकास के लिए काफी काम किया है, हमसब आपके आभारी हैं। हमारी कामना है कि आप हमेशा स्वस्थ रहें और आपके नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ता रहे।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र परिसर में ही नवनिर्मित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के तहत हो रही बिस्कुट उत्पादन की प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली और उसे देखा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत इकाइयों का उद्घाटन हुआ है। राज्य के युवक–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा उनमें उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की शुरुआत की गई है जिसके तहत यहां सभी वर्गों के लोग उद्यम की ओर आकर्षित हो रहे हैं और अपना रोजगार शुरू कर रहे हैं। वर्ष 2011 में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की प्रथम इकाई हाजीपुर में स्थापित की गई थी। आज ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की दूसरी इकाई का उद्घाटन हुआ है और उत्पादन कार्य भी शुरू हुआ है। यह जितना अधिक आगे बढ़ेगा उतना ही बेहतर होगा। लोगों को रोजगार के और अवसर मिलेंगे। राज्य में उद्योग के लिए अनुकूल माहौल है और राज्य सरकार उद्यमियों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करा रही है।

इस अवसर पर ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री वरुण बेरी ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसर में पौधारोपण भी किया।

कार्यक्रम में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, उद्योग विभाग के

अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौन्ड्रिक, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिदेशक श्री राकेश राठी, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, उद्योग विभाग के निदेशक श्री पंकज दीक्षित, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री वरुण बेरी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं उद्योग जगत् से जुड़े लोग मौजूद थे।

******